# मातृभूमि की रक्षा करते हुए
# अमर शहीद वीर जवानों
# को गंगा जी के घाट पर
# तर्पण, पिण्ड-दान एवं श्रद्धांजलि



## श्रद्धांजलि विशेष

जम्मू यात्री भवन ट्रस्ट की ओर से अपनी मातृभूमि की रक्षा करते हुए अमर शहीद भारतीय वीर जवानों को श्रद्धांजलि। पिछले साल की तरह इस वर्ष भी अपनी मातृभूमि की रक्षा करते हुए अमर शहीद भारतीय वीर जवानों को जम्मू यात्री भवन ट्रस्ट की ओर से इस पितृ-पक्ष के दिनों चतुर्दशी/अमावस तिथि सोमवार **08-10-2018** को गंगा जी के घाट पर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए विद्वान् पण्डितों द्वारा विधि विधान के साथ निशुल्क श्राद्ध कार्य भी सम्पन्न किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए शहीद परिवारों को सादर आमन्त्रित किया जाता है।



**इस विषय में विशेष जानकारी के लिये सम्पर्क करें :-**

मुख्य कार्यालय जम्मू हैल्पलाईन नं.: 7051122990 हरिद्वार ऑफिस हैल्पलाईन नं.: 09897128391

## जम्मू यात्री भवन न्यास (ट्रस्ट) जम्मू/हरिद्वार
## पितृपक्ष के कार्यक्रम



प्रिय भक्तजनो !

इस विशेष प्रपत्र द्वारा पुन: जम्मू यात्री भवन ट्रस्ट के ट्रस्टियों द्वारा आपको सूचित किया जा रहा है कि हेमाद्रि कोश में सुमन्तु के वचनानुसार एवं गृह्यसूत्र, ब्रह्मपुराण तथा विशेषकर कूर्मपुराणानुसार किसी भी तीर्थ स्थान पर जो कोई व्यक्ति शान्त मन होकर अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार श्रद्धा पूर्वक विधि-विधान से अपने पूर्वजों की सद्गति के लिए, उनकी पुण्य-स्मृति में श्रद्धा-पूर्वक पिण्ड-दान करते हुए सन्त-महात्माओं एवं विद्यार्थियों को मात्र भोजन भी करवा देता है तो वह सम्पूर्ण पापों से मुक्त होकर जन्म-मृत्यु के बन्धन से छूट कर सांसारिक एवं पारलौकिक कल्याण की अवश्य प्राप्ति कर लेता है। ब्राह्मण भोज से एक पितर और गंगा तट पर तर्पण एवं पिण्ड दान से सभी पितर सन्तुष्ट होकर अपने वंश के अनुयायियों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देकर पुन: पितृलोक में पधार जाते हैं।

विष्णु पुराण में कहा गया है– श्रद्धायुक्त होकर श्राद्धकर्म करने से केवल पितृगण ही तृप्त नहीं होते बल्कि ब्रह्मा, इन्द्र, रुद्र, दोनों अश्विनी कुमार, सूर्य, अग्नि आठों वसु, वायु, विश्वेदेव, पितृगण, पक्षी, मनुष्य, पशु, सरीसृप और ऋषिगण आदि तथा अन्य समस्त भूतप्राणी तृप्त होते हैं।

यहाँ तक कहा है कि जो लोग देवता, ब्राह्मण, अग्नि और पितृगण की पूजा करते हैं, वे सब की अन्तरात्मा में रहने वाले भगवान् विष्णु जी की पूजा करते हैं।

"ये यजन्ति पितृन् देवान् ब्राह्मणांश्च/हुताशनान्/
सर्वभूतान्तरात्मानं विष्णुमेव यजन्ति ते। (यमस्मृति)

हरिद्वार स्थित जम्मू यात्री भवन (ट्रस्ट) इस वर्ष सोमवार 24 सितम्बर, 2018 से मंगलवार 09 अक्तूबर, 2018 तक पितृपक्ष के पर्व के दिनों में पितृऋणोद्धार के इच्छुक व्यक्तियों को अपने-अपने पितरों के प्रति श्रद्धा भाव रखते हुए इस पुण्य कार्य के लिए आप सबको आमन्त्रित करता है। आपकी अपनी सुख सुविधा के लिए तथा आपके द्वारा किये जाने वाले प्रत्येक श्राद्ध तिथि के कार्यक्रम में विधि विधान पूर्वक सुचारु व्यवस्था का उत्तरदायित्व हरिद्वार स्थित जम्मू यात्री भवन (ट्रस्ट) का होगा। वहीं पर सुयोग्य एवं विद्वान् पंडितों की देखरेख में पिण्डदान, पितृ-तर्पण एवं ब्राह्मण भोज आदि करवाए जाएंगे।

| | | |
|---|---|---|
| सोमवार | 24.09.2018 | पूर्णिमा का श्राद्ध प्रोष्ठपदी (महालय श्राद्ध शुरू) |
| मंगलवार | 25.09.2018 | प्रतिपदा का श्राद्ध (असूज कृष्ण पक्ष पितृ-पक्ष का श्राद्ध) |
| बुधवार | 26.09.2018 | द्वितीया का श्राद्ध |
| गुरूवार | 27.09.2018 | तृतीया का श्राद्ध |
| शुक्रवार | 28.09.2018 | चतुर्थी का श्राद्ध |
| शनिवार | 29.09.2018 | पंचमी का श्राद्ध |
| रविवार | 30.09.2018 | षष्ठी का श्राद्ध |
| सोमवार | 01.10.2018 | सप्तमी का श्राद्ध |
| मंगलवार | 02.10.2018 | अष्टमी का श्राद्ध |
| बुधवार | 03.10.2018 | नवमी का श्राद्ध (सौभाग्यवती का श्राद्ध) |
| गुरूवार | 04.10.2018 | दशमी का श्राद्ध |
| शुक्रवार | 05.10.2018 | एकादशी का श्राद्ध |
| शनिवार | 06.10.2018 | द्वादशी का श्राद्ध (संन्यासियों का श्राद्ध) |
| रविवार | 07.10.2018 | त्रयोदशी का श्राद्ध |
| सोमवार | 08.10.2018 | चतुर्दशी/अमावस का श्राद्ध (सर्वपितृ श्राद्ध, पितृ विसर्जन 11/32 मिनट बाद शस्त्र, विष, दुर्घटनादि, अपमृत्यु से मृतों का एकोद्दिष्ट श्राद्ध |
| मंगलवार | 09.10.2018 | आश्विन भौमवती अमावस (मातामह नाना-नानी का श्राद्ध) |



**विशेष**

यदि कोई व्यक्ति या अमर शहीदों के सम्बन्धी जन समय अभाव के कारण हरिद्वार पहुचने में असमर्थ हों तो स्व० प्राणी का नाम एवम् सम्बन्ध अपने नाम व गोत्र के साथ अवश्य लिख कर हमें भेजे । आपके द्वारा दक्षिणा के रूप में दी गई राशि 1100 रु० गंगा तट पर सामग्री सहित पिण्ड दान कृत्य करवाने वाले पंडित की दक्षिणा तथा 11 ब्राह्मणों को दक्षिणा सहित भोजन करवाने पर खर्च की जाएगी । उपरोक्त राशि निम्न लिखित बैंक एकॉऊण्ट्स में जमा करा कर हमें सूचित कर सकते हैं ताकि आपको रसीद प्राप्त हो सके । जम्मू व कश्मीर बैंक एकॉऊण्ट नं० (जम्मू) 0076040100022029 और पंजाब नैश्नल बैंक एकॉऊण्ट नं० (हरिद्वार) 4694000100000587, मनी ट्रांस्फर एयरटेल नं० 09622033003

यजमान बनने हेतु निम्नलिखित नम्बरों पर संपर्क करें एवम् हमारी website पर भी संकल्प पत्र उपलब्ध है । एक संकल्प पत्र साथ में भेज रहे हैं ।

सम्पर्क सूत्र :

जम्मू ऑफिस हैल्पलाईन नम्बर : 7051122990

email id-jammu_yatri_bhawan@rediffmail.com

हरिद्वार ऑफिस हैल्पलाईन नम्बर : 09897128391

website-www.jammuyatribhawan.in, email id-jammuyatribhawan@gmail.com

# संकल्प पत्र



श्रीमान् जनरल सैकेटरी महोदय,
जम्मू यात्री भवन न्यास,
जम्मू/हरिद्वार, जम्मू।
महोदय,

हमें यह जानकर अति हर्ष हो रहा है कि **'जम्मू यात्रि भवन ट्रस्ट'** पितृपक्ष के दिनों हरिद्वार में सोमवार 24 सितम्बर, 2018 से मंगलवार 09 अम्तूबर 2018 तक शास्त्रीय विधि-विधान से गंगा तट पर पिंडदान, तर्पण एवम् हरिद्वार स्थित **'जम्मू यात्रि भवन'** में ब्राह्मण भोजन एवम् गौ पूजा का आयोजन करने जा रहा है। इसके लिए ट्रस्टी धन्यवाद के पात्र हैं।

मैं भी पितरों के आशीर्वाद एवम् परिवार की सुख-समृद्धि के लिए यजमान बनना चाहती/ चाहता हूँ।

निवेदक का नाम ____________________

प्राणी का नाम ____________________

पता ____________________

गोत्र ____________ सम्बन्ध ____________

मोवाईल ____________ श्राद्ध तिथि ____________

**केवल कार्यालय हेतु :**

रु० ____________ रसीद संख्या ____________

दिनांक ____________

**प्राप्तकर्ता**